11 मानकों की अनदेखी से सड़क बनने से पहले ही खराब होने का...



12 एचटेट परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, जिले में 7769 परीक्षार्थियों ने...




## खबर संक्षेप

### तीन आदतन अपराधियों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अपराध मुक्त समाज अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने चोरी के विभिन्न मामलों में वांछित तीन आदतन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। तीनों को आज न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कुलदीप उर्फ कोकी पुत्र जग्गा राम, बिंदर पुत्र मुखी राम तथा सूरज उर्फ बिल्लू उर्फ देशवाली पुत्र कैलाश निवासी गांव भड़ोलांवाली, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है।

### बस में अचानक निकला धुआं, मची भगदड़

**रानियां।** शहर में वीरवार सुबह एक निजी बस में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। इसके चलते बस में धुआं ही धुआं निकलने लगा और चारों ओर फैल गया। इससे बस में सवार यात्रियों में अफरातफरी मच गई और सभी जान बचाने को नीचे की ओर दौड़े। हालांकि, बड़ा हादसा होने से टल गया। यह बस बणी से सिरसा आ रही थी। यह घटना रानियां के पुराने बस स्टैंड के आसपास की है।

### वांछित असल तस्कर आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** कालांवाली थाना पुलिस ने हेरोइन तस्करी के तीन साल पुराने मामले में वांछित असल तस्कर आरोपी हरपाल सिंह उर्फ मीता पुत्र हरबंस निवासी गांव कालांवाली को मंडी कालांवाली से काबू किया है। कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि 16.11.2021 को सीआईए कालांवाली थाना की एक पुलिस टीम तहसील कालांवाली की पार्किंग के पास से एक बाइक को रुकवाया तो दो आरोपियों को 5.50 ग्राम हैरोइन सहित काबू करके बंद जेल करवाया था।

### अवैध शराब के साथ युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने गांव जांडली कलां से अवैध रूप से रखी गई 69 बोतल देसी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजेंद्र उर्फ बिजेंद्र पुत्र रामजीलाल निवासी जांडली कलां के रूप में हुई है। सीआईए फतेहाबाद टीम मुख्य सिपाही दिनेश कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में नियमित गश्त एवं निगरानी पर थी। इस दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने घर के बाहर गली में अवैध रूप से शराब बेच रहा है।

### नवग्रह शांति जाप का आयोजन कल से

**कालांवाली।** पारिवारिक सुख-शांति की कामना को लेकर आगामी 2 अगस्त को एसएस जैन सभा कालांवाली में नवग्रह शांति जाप एवं पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह विशेष धार्मिक अनुष्ठान हरियाणा सिहनी, पंजाब वीरांगना महासाध्वी श्री सर्वज्ञा महाराज एवं महासाध्वी नमिता महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा।

### सर्व कर्मचारी संघ का मांगों को लेकर धरना आज

**सिरसा।** सर्व कर्मचारी संघ की जिला इकाई ने नई पेंशन स्कीम (एनपीएस) और यूनिवर्सल पेंशन स्कीम (पीएस) के विरोध में 1 अगस्त को काला दिवस मनाने की घोषणा की है। ब्लॉक प्रधान ललित सौलंकी ने बताया कि शुक्रवार को सभी विभागीय यूनियन, जो सर्व कर्मचारी संघ से जुड़ी हुई हैं, इस आंदोलन में भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि इस विरोध को लेकर सभी कर्मचारी काले बिल्ले लगाकर अपनी-अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहेंगे, ताकि सरकार को यह स्पष्ट संदेश दिया जा सके कि कर्मचारी वर्ग नई पेंशन स्कीम को किसी भी स्थिति में स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

## उधम सिंह शहीदी सम्मेलन में पहुंचे मुख्यमंत्री, पंचकूला में कम्बोज सभा को प्लॉट देने की घोषणा

# हरियाणा सरकार शहीदों के सपनों को कर रही साकार : नायब सैनी

*डेरा प्रबंधन की उठाई मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का दिया आश्वासन*

- 51 लाख रुपये की राशि भी अगले 15 दिनों में जारी करने की बात कही
- गद्दीनशीन बाबा ब्रह्मदास ने मुख्यमंत्री व संत समाज के आए अन्य लोगों का सिरोपा भेंट कर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। देश की आजादी के लिए हंसी-हंसी अपने प्राणों की कुर्बानी देने वाले शहीदों की सोच को आगे बढ़ाते हुए सरकार समाज में हर वर्ग की बराबरी के लिए काम कर रही है। शहीदे आजम उधम सिंह को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि उन द्वारा राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए मिलकर काम करने की सोच पर आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री वीरवार को मुख्य धाम बाबा भूमणशाह (संगर सरिस्ता) में शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने डेरा प्रबंधन द्वारा उठाई गई मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन देते हुए पंचकूला के सेक्टर 27 में कंबोज सभा को धर्मशाला के लिए शीघ्र ही भूमि देने की घोषणा की, वहीं पिछले साल शहीदी सम्मेलन के अवसर पर उन द्वारा की गई 51 लाख रुपये की राशि भी अगले 15 दिनों में जारी करने की बात कही। डेरा पहुंचने पर बाबा भूमणशाह डेरा के गद्दीनशीन बाबा ब्रह्मदास ने मुख्यमंत्री व संत समाज के आए अन्य लोगों का सिरोपा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर जर्मनी से सांसद राहुल कंबोज भी पहुंचे। बाबा भूमण शाह मुख्य धाम की भूमि पर उनके नाम से राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण करवाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसकी फिजिबिलिटी चैक करवाकर इसे पूरा करने का काम किया जाएगा। इसके अलावा, घग्गर नदी से रंगोई नाला निकालकर गांव रामपुरा ढाणी से गुजरता हुआ बनाया जाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने इसकी फिजिबिलिटी चेक करवा कर पूरा करवाने की घोषणा की। ओबीसी वर्ग में क्लास-1 व क्लास- 2 श्रेणी की नौकरियों में आरक्षण की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बारे ओबीसी आयोग को अवगत करा कर लागू कराने का काम किया जाएगा। इनके अलावा, अन्य मांगों को संबंधित विभागों में फिजिबिलिटी चैक करवाने हेतु भेजा जाएगा।



सिरसा। शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सीएम व बाबा ब्रह्मदास। फोटो : हरिभूमि

### शहीद उधम सिंह ने असत्य, अन्याय और शोषण के विरुद्ध किया संघर्ष

नायब सिंह सैनी ने राष्ट्र नायक शहीद उधम सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीद उधम सिंह जी ने असत्य, अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष करते हुए आज के ही दिन वर्ष 1940 में शहादत पाई। उनकी कुर्बानी ने आजादी के लिए देशवासियों में एक नई जागृति पैदा की। उन्होंने कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि उधम सिंह, सरदार भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद तथा मदन लाल ढींगड़ा जैसे अनेक देशभक्तों ने भारत मां की गुलामी की जंजीरों को तोडऩे के लिए कांटों भरा रास्ता चुना और उस पर चलकर कुर्बानियां देने का इतिहास रचा। उन्होंने कहा कि जब उधम सिंह जी केवल 20 वर्ष के थे, तो 13 अप्रैल, 1919 को जलियांवाला बाग की हृदय विदारक घटना ने उनके दिल और दिमाग पर गहरा आघात किया। उस जलसे में उधम सिंह वहां इकट्ठे हुए लोगों को पानी पिलाकर सेवा कर रहे थे। उस नरसंहार को देखकर वे स्तब्ध रह गये और उसी क्षण उधम सिंह ने जलियांवाला बाग की शहीदी मिट्टी को अपने माथे पर लगाकर यह प्रण किया कि वह इस कत्लेआम का बदला जरूर लेंगे। इस महान सपूत ने अपनी मातृभूमि के अपमान और निर्दोष लोगों के खून का बदला लेने के लिए उस साम्राज्यवादी ताकत से उसी की भूमि पर टक्कर ली, जिसके साम्राज्य में सूर्य कभी अस्त नहीं होता था। उन्होंने देशवासियों के समक्ष राष्ट्र-भक्ति, त्याग और बलिदान की एक अनूठी मिसाल कायम की, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी।

### 1857 के सेनानियों की स्मृति संजोने के लिए अंबाला में बनाया जा रहा युद्ध स्मारक

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपने शहीदों के बलिदानों का कर्ज तो नहीं चुका सकते, लेकिन उनके प्रति अपनी कृतज्ञता अवश्य जता सकते हैं। इसी उद्देश्य से 1857 के सेनानियों को नमन करने तथा उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने के लिए अंबाला में युद्ध स्मारक का निर्माण कराया जा रहा है। यह स्मारक नई पीढ़ियों को उन महान सेनानियों जैसी देशभक्ति अपनाने की प्रेरणा देता रहेगा। सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों व उनकी विधवाओं की पेंशन 25 हजार रुपये से बढ़ाकर 40 हजार रुपये मासिक की है।

### पीएम ने पिछड़े वर्गों का रखा ध्यान

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ-सबका विकास की भावना से पिछड़े वर्गों का भी विशेष ध्यान रखा है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलाया है। केन्द्रीय मंत्रिपरिषद में ओ.बी.सी. का अब तक का सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व है। ओ.बी.सी. को मेडिकल एजुकेशन, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और सैनिक स्कूलों में आरक्षण मिलता है। इस मौके पर पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल, स्वामी ब्रहमानंद, महंत महेश मुनि, हरिद्वार से महंत गोमती दास , हांसी से महंत सागर नाथ, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा, चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति बलदेव राज कंबोज, पंजाब के पूर्व मंत्री हंसराज जोशन, पूर्व मंत्री कर्णदेव कंबोज, सुरेंद्र कंबोज, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व विधायक दूड़ा राम, गोबिंद कांडा, हरियाणा कंबोज सभा के प्रधान सुमेर सिंह, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सरदार भूपेंद्र सिंह नंगला, सरदार हरदयाल सिंह कंबोज, पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, जिलाध्यक्ष भाजपा सिरसा यतिंद्र सिंह एडवोकेट, जिलाध्यक्ष भाजपा डबवाली रेणू शर्मा, नगर परिषद सिरसा के चेयरमैन शांति स्वरूप, पद्मश्री गुरविंद्र सिंह, चेयरमैन रविंद्र सिंह बलियाला, ओम प्रकाश, शीशपाल कंबोज, विनोद कुमार एडवोकेट, राकेश कंबोज, सतपाल कंबोज, कृष्ण कंबोज मुख्य रूप से उपस्थित रहे।





फतेहाबाद। भवानी सिंह के नेतृत्व में सिरसा के लिए रवाना होती संकल्प यात्रा।

फतेहाबाद से सिरसा गया 150 गाड़ियों का काफिला

## अस्पताल निर्माण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

महाशक्ति चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक व भाजपा नेता भवानी सिंह के नेतृत्व में नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान के तहत एक विशेष संकल्प यात्रा निकाली गई। यह यात्रा फतेहाबाद के रतिया चुंगी से शुरू होकर सिरसा स्थित डेरा बाबा भूमणशाह तक 150 गाड़िया के काफिले के साथ पहुंची। यह यात्रा शहीद उद्यम सिंह कंबोज की राज्य स्तरीय जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में शिवालिक बोर्ड के चेयरमैन ओम प्रकाश देवीनगर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए भवानी सिंह ने कहा कि जो समाज अपने पूर्वजों के मान-सम्मान को भूल जाता है, वह बर्बादी की ओर अग्रसर हो जाता है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार केवल उद्यम सिंह कंबोज की ही नहीं, बल्कि सभी महापुरुषों की जयंती को भव्य तरीके से मनाकर भावी पीढ़ी को प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि डेरा बाबा भूमणशाह के गद्दीशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज के आशीर्वाद से महाशक्ति चेरिटेबल ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को फतेहाबाद जिले में नशा मुक्ति के लिए 100 बेड के अस्पताल की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रस्तावित अस्पताल में फतेहाबाद में 40 बैड, रतिया में 30 बैड और टोहाना में 30 बैड की सुविधा शामिल है।

### ये रहे माजूद

इस संकल्प यात्रा में अशोक अलीका, विनोद बरोटा, गुरदीप अयालकी, प्रमोद अहलीसदर, विक्की हरिपुरा, अशोक रत्ता टिब्बा, मनदीप रतिया, संदीप योगनगर, राजेश सदलपुर, चिंटू फतेहाबाद, पृथ्वी बिजालांबा, राजू बिराबढी सरपंच, करण सरपंच हिजरावां कलां, मेजर हड़ौली, कृष्ण फतेहाबाद, चिराग बांगा, मंगत फतेहाबाद, दलबीर वर्मा सरपंच मताना, पारस रतिया, गगन शेखुपुर व विपुल सोनी सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल रहे।

## शिवरात्रि पर हुए गोलीकांड मामले में नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

- गांव रत्ताखेड़ा के शिव मंदिर में एक युवक को मारी थी गोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

शिवरात्रि के दिन गांव रत्ताखेड़ा के शिव मंदिर में एक युवक को गोली मारने के मामले में रतिया पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई डीएसपी रतिया नरसिंह के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विष्णु उर्फ डोगर पुत्र बंसीलाल निवासी रत्ताखेड़ा और रमनदीप सिंह उर्फ नामू निवासी हड़ौली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल, एक पिस्तौल और एक खाली खोल बरामद किया है।



रतिया। पुलिस गिरफ्त में गोलीकांड में पकड़े गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### गलतफहमी के चलते किया फायर

डीएसपी नरसिंह ने बताया कि यह कार्रवाई थाना शहर रतिया में दर्ज एक मामले में की गई। शिकायतकर्ता गुरप्रीत सिंह द्वारा दर्ज शिकायत में बताया गया कि 23 जुलाई की रात शिवरात्रि के अवसर पर उसके भाई कुलदीप को शिव मंदिर, रत्ताखेड़ा के पास गोली मार दी गई थी। वारदात उस समय हुई जब कुलदीप मंदिर में जल चढ़ाकर बाहर आया और अपनी मोटरसाइकिल लेने जा रहा था। उसी समय सफेद रंग की स्कॉर्पियो में सवार डोगर, संदीप और अन्य युवक मंदिर के पास पहुंचे और किसी पुराने विवाद की गलतफहमी के चलते कुलदीप पर फायर कर दिया। गोली कुलदीप की कमर के पीछे लगी, जिससे वह मौके पर गिर पड़ा। घायल कुलदीप को पहले रतिया के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, फिर अग्रोहा और बाद में हालत गंभीर होने पर हिसार के सुखदा अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका ऑपरेशन कर इलाज जारी है।

### 296 ग्राम अफीम सहित युवक काबू

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव शेरगढ़ क्षेत्र से बाइक सवार युवक को 296 ग्राम अफीम सहित काबू किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि एएसआई पालाराम पुलिस टीम के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव शेरगढ़ नहर पुलिया चौटाला रोड पर मौजूद थे। इस दौरान बाइक सवार युवक चौटाला रोड से गांव शेरगढ़ की ओर आता दिखाई दिया। जिसने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर एकदम से अपना बाइक रोककर वापिस मोडऩे लगा। पुलिस टीम ने शक के आधार पर बाइक सवार युवक को काबू कर नियमानुसार उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 296 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान आरोपी द्वकी पहचान सुरेश कुमार पुत्र गोदू राम निवासी लोहगढ़ के रूप में हुई है।

## नशे को मिटाने के लिए आमजन व पुलिस के बीच सामंजस्य आवश्यक

- पुलिस पब्लिक समन्वय समिति के सदस्यों की बैठक में पुलिस अधीक्षक ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस पब्लिक समन्वय समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उठाए गए मुद्दों पर क्रमवार चर्चा कर पुलिस द्वारा किए गए उनके निदान का आकलन किया। समिति के सदस्यों ने बैठक में पुलिस अधीक्षक का आभार जताया। पुलिस अधीक्षक ने समिति के सदस्यों से उन्हें पिछली मीटिंग में सौंपे गए कार्यों की समीक्षा की और सदस्यों ने उनके द्वारा अपने गांवों में नशा मुक्ति के संबंध में किए गए कार्य बताए गए व आगामी कार्यों बारे में चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पब्लिक समन्वय समिति के सदस्यों से कहा कि वे नशा मुक्त समाज में अपनी अहम भागीदारी निभाते हुए नशा तस्करों की सूचना पुलिस को देकर अपना कर्तव्य पूरा करें। नशा तस्करों के कारण समाज में कई युवा नशे से प्रभावित होकर अन्य अपराधों की ओर जा रहे हैं जिनको रोकने के लिए नशा तस्करों को उनकी असली जगह जेल भेजना जरूरी हैं। नशा तस्कर समाज के लिए खतरा है उनके संपर्क में आकर बच्चे व युवा बीड़ी सिगरेट से शुरू करके मादक पदार्थों का सेवन करने लग जाते हैं और इसके चंगुल में फंस जाते हैं । उन्होने समिति के सदस्यों से कहा कि अपने गांव में खेलों के प्रति बढ़ावा देवें और कहा की कबड्डी व अन्य खेलों का आयोजन करे और कहा इस दौरान उन्हे किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो वे पुलिस की सहायता लें।



सिरसा। पुलिस-पब्लिक समन्वय समिति की बैठक लेती एसपी। फोटो : हरिभूमि

### आरोपी अवैध शराब सहित गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव झूठीखेड़ा क्षेत्र से एक युवक को 13.05 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। सदर थाना डबवाली प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही गुरतेज सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव झूठीखेड़ा से गांव मट्टदादु की ओर जा रहे थे। पुलिस टीम जब गांव मट्ट दादु से रोड पर पक्का खाल के समीप पहुंची तो पुली के पास एक युवक अपने हाथ में कट्टा प्लास्टिक लेकर आता दिखाई दिया। जो पुलिस टीम को देखकर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबूकर तलाशी ली तो उसके कब्जा से 13.05 बोतल अवैध शराब बरामद हुई।

**मौसम** धान उत्पादक किसान के साथ-साथ बिजली कर्मचारियों ने भी ली राहत की सांस

*एचटेट की परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को जलभराव के कारण हुई परेशानी*

# लगातार दो दिन बरसात से निहाल हुए लोग 70 एमएमए बरसा पानी, तपिश से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद में वीरवार को लगातार दूसरे दिन हुई बरसात ने पिछली सारी कसर निकाल दी। वीरवार को भी बादलों ने जमकर पानी बरसाया। अलसुबह शुरू हुई बरसात रूक-रूक कर दोपहर तक चलती रही। हालांकि शाम तक आसमान में बादल छाये रहे और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वीरवार को पूरे जिले में 25 से 30 एमएम बरसात दर्ज की गई। पिछले 36 घंटों में यहां 70 एमएम बरसात दर्ज की गई है। यह बरसात फसलों के लिए सोना मानी जा रही है वहीं उमस व तपिश से भीगे लोगों को भी राहत मिली है। इस बरसात से लोगों के साथ बिजली निगम व 33 केवी सब स्टेशनों की सांस में सांस आई है। दरअसल लंबे समय से ट्रांसफार्मर ओवरलोड थे। भीषण गर्मी और ओवरलोड से अब निगम को भी राहत मिली हैं। बुधवार को अचानक मौसम बदला तो जमकर बारिश हुई। पिछले 20 दिनों से अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यनूतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस चल रहा था। सावन के महीने में बारिश न होने से आम पब्लिक, किसान और बिजली निगम के कर्मचारी से लेकर अधिकारी तक असहज महसूस कर रहे थे। वीरवार को लगातार दूसरे दिन बारिश हुई तो किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई। बिजली निगम को भी सांस में सांस आई।



फतेहाबाद। बरसात के बाद धर्मशाला रोड पर जमा पानी।

### निचले इलाकों में हुआ जलभराव

बरसात के कारण निचले इलाकों में जलभराव हो गया। एचटेट की परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों को भी जलभराव के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिस कर्मचारी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने के लिए जुटे दिखाई दिए। दोपहर तक रूक-रूक कर बारिश हुई। धान उत्पादक किसान इस बारिश से खासे खुश हैं। पिछले डेढ महीने से बारिश न होने से धान व नरमा दोनों फसलें झुलस रही थी। उमस के कारण नरमे की फसल में सुंडी लगने का खतरा पैदा हो गया था जबकि धान में सिंचाई को लेकर किसानों की कृषि लागत बढ़ गई थी। किसानों को डीजल पम्प से सिंचाई करनी पड़ रही थी। गर्मी इतनी थी कि 100 करोड़ यूनिट बिजली की डिमांड बढ़ गई थी। हाल यह था कि हर घंटे बाद फ्रिक्वेंसी लेवल डाउन हो जाता था और बिजली के कट लग जाते थे। इसके अलावा ओवरलोड के चलते शहर में ट्रांसफार्मर में ट्रिपिंग व 33 केवी सब स्टेशनों में ओवरलोड के कारण ट्रांसफार्मर जल रहे थे। बारिश के बाद 33 केवी सब स्टेशन भी ठंडे हो गए हैं। बिजली की डिमांड कम हो गई है।

खबर संक्षेप

## मवेशियों को सुरक्षित मालिकों तक पहुंचाया

**फतेहाबाद।** जाखल पुलिस ने एक सराहनीय पहल करते हुए लावारिस हालत में घूम रहे मवेशियों को उनके असली मालिकों जाखल निवासी गगनदीप और चमकौर तक सुरक्षित पहुंचाया। जाखल थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 31 जुलाई की सुबह लगभग 6:30 बजे जाखल पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि गांव तलवाड़ा की ओर चार भैंसें और तीन कटडियां बिना किसी देखरेख के घूम रही हैं। पशुओं के साथ कोई व्यक्ति न होने और स्थिति संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें थाना परिसर के पास खुले स्थान पर निगरानी में रखा।

## नौकरी का झांसा देकर की धोखाधड़ी, तीन गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने धोखाधड़ी के बड़े मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी लोगों को सरकारी नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी कर चुके थे।उप निरीक्षक वेदप्रकाश ने बताया कि इस संबंध में खरक पूनिया निवासी सुभाष चन्द्र ने बरवाला थाना में 10 जून शिकायत दी थी।

### आरोप : ठेकेदार की लापरवाही भविष्य में इंटरलॉकिंग सड़क की आयु कम कर देगी

# मानकों की अनदेखी से सड़क बनने से पहले ही खराब होने का खतरा

- पर्याप्त मात्रा में पत्थर की जगह केवल मिट्टी के ढेर लगाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना





**भूना।** डीजे मार्केट की निर्माणाधीन इंटरलॉकिंग गली में पत्थर की जगह डाली हुई मिट्टी। फोटो : हरिभूमि

शहर के डीजे मार्केट से पटवार खाने वाली बनाई जा रही इंटरलॉकिंग गली के निर्माण कार्य में मानकों की खुलेआम अनदेखी का आरोप लगाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा, जिससे यह सडक़ बनने से पहले ही टूटने और क्षतिग्रस्त होने की आशंका है।

वार्डवासियों के अनुसार, इंटरलॉकिंग सड़क बिछाने से पहले जहां मजबूत बेस के लिए पर्याप्त मात्रा में पत्थर डाले जाने चाहिए थे, वहां केवल मिट्टी के ढेर लगा दिए गए। नाम मात्र के पत्थर डालकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। इससे सड़क का आधार कमजोर रह गया है, जो बरसात के दौरान मिट्टी के धंसने से और भी खराब हो जाएगा। लोगों का कहना है कि यह कार्य इंजीनियरिंग अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है, जिसमें ठेकेदार लागत घटाकर मोटा मुनाफा कमा रहा है और सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहा है। भूना निवासी सुरजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, हवा सिंह, बलवीर सिंह, महेंद्र सिंह सहित कई लोगों ने बताया कि इंटरलॉकिंग फर्श के नीचे पत्थर की जगह मिट्टी और अन्य अनुपयुक्त सामग्री डाली गई है। टेंडर में तय मानकों के अनुसार पत्थर की पर्याप्त मात्रा का प्रयोग नहीं किया गया। उनका आरोप है कि ठेकेदार द्वारा की जा रही यह लापरवाही भविष्य में सड़क की आयु कम कर देगी और कुछ ही महीनों में सड़क टूटने लगेगी। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि इस निर्माण कार्य की जांच मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम या विजिलेंस विभाग से कराई जाए, ताकि जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई हो सके। साथ ही, नगर पालिका अधिकारियों से तुरंत हस्तक्षेप कर कार्य को रोकने और मानकों के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित करने की अपील की गई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सही कार्रवाई नहीं हुई तो बरसात के मौसम में सडक़ धंसने लगेगी और कुछ ही समय में यह पूरी तरह खराब हो जाएगी, जिससे सरकार की विकास योजनाओं की छवि धूमिल होगी और जनता के पैसे की बर्बादी होगी।

**क्या कहते हैं एमई**

नगरपालिका अभियंता नरेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि सडक़ निर्माण को लेकर मौके का निरीक्षण किया जाएगा। अगर पत्थर कम डाले गए हैं तो ठेकेदार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी।



**सिरसा।** शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

## अध्यापक संघ ने शहीद उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने शहीदों के द्वारा देश के भविष्य के लिए देखे सपनों को आज़ादी के 78 साल बाद, उधम सिंह की शहादत के 85 साल बाद, प्रेमचंद जयंती के 145 साल बाद उनके सपनों के लक्ष्यों तक पहुंचने की पड़ताल के रूप में मनाया। इस लंबे अर्से में लक्ष्यों से दूरी को कम करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 25 वर्षों से किए गए संघर्षों को याद करते हुए, आगे की दिशा तय करने पर भी चिंतन किया गया। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता मदन लाल खोथ जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ सिरसा व वीर सिंह जिला प्रधान हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ सिरसा ने संयुक्त रूप से की एवं संचालन बूटा सिंह उप प्रधान ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर एसटीएफआई के संघर्षों व भविष्य के महत्व पर कृष्णा नैन राज्य उप महासचिव हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने, प्रेमचंद पर कृष्णा कायत राज्य सचिव हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने एवं शहीद उधम सिंह पर विकरजीत सिंह अध्यापक संघ प्रतिनिधि ने विस्तृत चर्चा रखते हुए अपने वक्तव्य दिए।

**ये रहे मौजूद:** इस मौके पर रमेश सैनी महासचिव सर्व कर्मचारी संघ जिला सिरसा, अजय पासी, राजकुमार शेखुपुरिया, जगसीर सिंह ब्लॉक प्रधान ऐलनाबाद, रोहतास महासचिव ब्लॉक नाथुसरी चोपटा, ओम प्रकाश ब्लॉक प्रधान सिरसा, जिला कमेटी के सदस्य जैन वीर व कुलवंत सिंह, सिरसा ब्लॉक सचिव कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों की मांग : एमएसएमई के माध्यम से फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगाए जाएं, प्रॉपर्टी टैक्स में मिले छूट

### राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चैयरमेन सुनील सिंधी को व्यापारिक संस्थाओं ने सौंपे ज्ञापन

- व्यापारियों को आने वाली समस्याओं से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर की विभिन्न व्यापारिक संस्थाओं ने वीरवार को यहां पहुंचे राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंधी को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपे। संस्थाओं ने उन्हें व्यापारियों को आने वाली समस्याओं से अवगत करवाया और इनके समाधान की मांग की। व्यापार मंडल फतेहाबाद के शहरी अध्यक्ष अशोक नारंग एवं हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल प्रचार मंत्री विनोद अरोड़ा ने ज्ञापन सौंपते हुए मांग रखी कि प्रॉपर्टी टैक्स में ब्याज माफी के साथ छूट दी जाए, कूड़ा कर हटाया जाए और एमएसएमई के माध्यम से फतेहाबाद में फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगाया जाए। विनोद अरोड़ा ने कहा कि नगर परिषद में चुने हुए प्रतिनिधि तो कोई ध्यान नहीं देते। इसके विपरीत अधिकारी प्रतिदिन नए आदेश जारी करते हैं। पिछले दिनों नप अधिकारियों ने बकाया टैक्स वाले वार्डों में विकास कार्य न करवाने का फरमान जारी कर दिया। इसके अलावा टैक्स न भरने वाले घरों और व्यापारिक संस्थानों को सील करने की चेतावनी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद में कोरोना के बाद से याशी कंपनी द्वारा गलत सर्वे किया गया था, जिससे काफी लोगों की प्रॉपर्टी आईडी नहीं बनी है। जिन लोगों की प्रॉपर्टी आईडी बनी हुई है, वह गलत है। उनको ठीक करने में लोगों को रोजाना नगरपरिषद में धक्के खाने पड़ते हैं। सरकार के पोर्टल पर उनके टैक्स को आज इतना बढ़ा दिया गया है कि आज टैक्स से अधिक ब्याज हो चुका है।



**फतेहाबाद।** व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंधी से मिलते व्यापारी।

सरकार से संस्थाओं ने मांग की है कि प्रोपटी टैक्स में ब्याज माफी के साथ छूट देनी चाहिए। इससे जहां सरकार को टैक्स इक_ा होगा वहीं लोगों को राहत मिलेगी। गलत आईडी को ठीक किया जाना चाहिए मगर सरकार द्वारा ऐसे कल्याणकारी कदम ना उठाकर उल्टा अब गार्बेज टैक्स यानी कूड़ा टैक्स और थोप दिया गया है। विनोद अरोड़ा ने कहा कि आज से पहले भी कूड़ा उठाया जाता था, मगर उसका कोई टैक्स नहीं लिया जाता था। उन्होंने कहा कि एमएसएमई को सरकार ने क्षेत्र के अनुसार उद्योग स्थापित करने की हिदायत दी हुई है और फतेहाबाद क्षेत्र कृषि आधारित क्षेत्र है यहां किन्नू, अमरुद, संतरा, आंवला जैसे उत्पाद होते हैं। इनसे संबंधित फूड प्रोसेसिंग प्लांट की मांग यहां के किसान, व्यापारी लंबे समय से कर रहे हैं लेकिन सरकार द्वारा एमएसएमई के माध्यम से कोई उद्योग स्थापित नहीं किया गया है। इस वजह से यहां के किसान परम्परागत फसल धान लगाने को मजबूर हैं जिससे पानी की कमी हो रही है।

### दूध दुहने के बाद खुला छोड़ देते हैं डेयरी संचालक

# अवैध पशु डेयरी संचालकों से चत्तरगढ़पट्टी निवासी परेशान

- एक वर्ष से लगातार शिकायत की, नहीं हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

नगर परिषद द्वारा समय-समय पर बेसहारा गौवंश की धरपकड़ करने का अभियान चलाया जाता है। सडक़ों व गलियों में विचरने वाले गौवंश को पकडक़र गौशालाओं में पहुंचाया जाता है। इसके लिए नगर परिषद ठेकेदार को हजारों रुपये अदा भी करता है। लेकिन वार्ड नंबर-एक चत्तरगढ़पट्टी में अवैध पशु डेयरी का संचालन करने वालों द्वारा पशुओं को खुला छोड़ देने मामले को लेकर कोई सुनवाई नहीं की जा रही। इस बारे में एक वर्ष से लगातार शिकायत की गई। नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा पशु डेयरी संचालकों को चेतावनी दी जाती है और कुछ दिनों के लिए वे पशुओं को बांध कर रखते है। बाद में फिर से वहीं हालात बन जाते है। इन पशु पालकों द्वारा सुबह व शाम को दूध दुहने के बाद खुला छोड़ दिया जाता है। जोकि चारे और पानी के लिए कालोनी में इधर से उधर विचरती रहती है। रात्रि में झुंड बनाकर बीच गली में बैठ जाती है। स्थानीय लोगों ने इस बारे में नगर परिषद के चेयरमैन वीर शांति स्वरूप से अवैध पशु डेयरी संचालन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



**सिरसा।** गली में विचरण करते बेसहारा गौवंश। फोटो : हरिभूमि

## थर्मल प्लांट में ट्रैक्टर लगवाने का झांसा देकर की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थर्मल प्लांट में ट्रैक्टर लगवाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने के एक मामले में भट्टूकलां पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुरेंद्र कुमार उर्फ टीनू पुत्र लुना राम निवासी श्रीधन हाल निवासी बड़ी छानी, जिला हनुमानगढ़, राजस्थान तथा वर्तमान में बरवाला, थाना चंडीमंदिर, जिला पंचकूला के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। एक मामला थाना बेगमपुर, बाहरी दिल्ली के अलावा दो मामले थाना सदर रतिया में दर्ज है। थना भट्टूकलां प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध 2017 में धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता सतपाल सिंह निवासी रामपुरा ढिल्लों, जिला सिरसा ने कहा था कि आरोपी सुरेंद्र ने उसके ट्रैक्टर को थर्मल प्लांट में लगवाने का झांसा दिया और 28 हजार मासिक आय का प्रलोभन देकर धोखे से दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। भट्टू मंडी में एक मिस्त्री की दुकान पर दो बार दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए। कुछ समय बाद आरोपी ने ट्रैक्टर को अपनी संपत्ति घोषित कर लिया और उसे खुर्द-बुर्द कर दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार, वह अधिक पढ़ा-लिखा नहीं है और आरोपी की बातों में आकर उसने दस्तावेजों पर बिना पूरी जानकारी के हस्ताक्षर कर दिए। बाद में उसे पता चला कि ट्रैक्टर न तो किसी प्लांट में गया, न ही कोई आय हुई। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर उससे गहन पूछताछ की जा रही है।



## गोरीवाला पुलिस चौकी में एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण

**डबवाली।** गोरीवाला पुलिस चौकी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। गोरीवाला पुलिस चौकी प्रभारी राजेश कुमार ने बरगद का पौधा लगाकर पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रकृति बचाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम लगाने का शासन का उद्देश्य हम सबको भावनात्मक रूप से जाड़ना है। चूंकि मां के नाम पेड़ लगाएंगे, तो उसकी रक्षा और कर्तव्य का बोध होगा और उसे हर साल बढ़ते हुए देखेंगे तो जीवन में खुशहाली आएगी और मां का आर्शीवाद मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमसे पहली पीढ़ी ने जो पौधे लगाए है उसका फल हम आज पा रहे है, उसी प्रकार आज हम जो पौधे लगाऐंगे, उसके लिए हमारी आने वाली पीढ़ी हमको धन्यवाद देगी। उन्होंने कहा कि हमारा वातावरण हरा-भरा रहे और पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर हो, इस दिशा में हम सब मिलकर काम करेंगे। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि अपने आस पास तथा रिक्त भूमि में पौधे लगाए और उसकी देखभाल करें, क्योंकि सभी के सहयोग से ही हम पर्यावरण संरक्षण कर सकते है।



## विभाजन विभीषिका दिवस को लेकर बीजेपी ने कलस्टर व जिला प्रमुखों की घोषणा की

**फतेहाबाद।** भाजपा की ओर से विभाजन विभीषिका दिवस के आयोजन को लेकर विभाजन विभीषिका दिवस आयोजन समिति ने कलस्टर और जिला प्रमुखों की घोषणा कर दी है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली के निर्देशानुसार आयोजन समिति के प्रदेश संयोजक डॉ. कृष्ण मिढा द्वारा यह नियुक्तियां की गई हैं, जिसमें जहां 4 कलस्टर प्रमुख बनाए गए हैं वहीं 15 जिला प्रमुख बनाए गए हैं। बता दें कि प्रदेश सरकार की ओर 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जाता है। इसको लेकर हर बार प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम किया जाता है, जिसमें सीएम मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचते हैं। इस बार यह कार्यक्रम फरीदाबाद में होगा। जिसमें सीएम नायब सैनी चीफ गेस्ट होंगे। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हरियाणा एग्रो के चेयरमैन भारत भूषण मिढ़ा ने बताया कि चार कलस्टर प्रमुखों मे डॉ.कृष्ण मिड्ढा को पंचकूला, अम्बाला, यमुनानगर, कुरूक्षेत्र, कैथल, करनाल और पानीपत जिलों का प्रमुख, जगदीश चोपड़ा को डबवाली, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, हांसी, भिवानी व दादरी जिलों का, मुनष ग्रोवर को सोनीपत गोहाना, जींद, रोहतक, झज्जर, रेवाड़ी व महेन्द्रगढ़ का जबकि संजय भाटिया को गुरूग्राम, गुरूग्राम ग्रामीण, नूंह, फरीदाबाद, बल्लभगढ़ व पलवल की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इसके अलावा जिला प्रमुखों में घनश्याम अरोड़ा को पंचकूला और अम्बाला, रोजी मलिक को यमुनानग व कुरूक्षेत्र, सुभाष सुधा को कैथल व करनाल, प्रमोद विज को पानीपत व सोनीपत, ललित बत्तरा को गोहाना व जींद, जगमोहन आनंद को रोहतक व झज्जर, भारत भूषण मिढ़ा को डबवाली व सिरसा, विनोद भ्याना को फतेहाबाद व हिसार, विशाल सेठ को हांसी व भिवानी, निखिल मदान को दादरी व रेवाड़ी, बोधराज सिकरी को महेन्द्रगढ़ व गुरूग्राम का जिला प्रमुख बनाया गया है।

## नशे के विरूद्ध किया जागरूक, गांवों में नुक्कड़ सभाओं का किया आयोजन

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में फतेहाबाद पुलिस द्वारा जिलेभर में नशा मुक्ति के लिए चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के तहत गुरूवार को अनेक गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। एसआई सुंदर के नेतृत्व में गठित नशा मुक्ति टीम ने गांव धांगड़ स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे की लत से दूर रहने, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को समझने तथा अपने आसपास के माहौल को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया। छात्रों ने भी इस दिशा में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इसके बाद टीम द्वारा गांव खाबड़ा कलां और खाबड़ा खुर्द में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया, जहां स्थानीय ग्रामीणों को नशे की गंभीरता, इसके सामाजिक दुष्परिणामों और इससे निजात पाने के उपायों की जानकारी दी गई। इस जनजागरूकता पहल के दौरान टीम ने गांवों में सक्रिय रूप से चार नए ड्रग पीड़ितों को चिन्हित किया। साथ ही, पूर्व से उपचाराधीन सात अन्य पीड़ितों को काउंसलिंग कर होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक उपचार भी उपलब्ध करवाया गया। फतेहाबाद पुलिस की यह मुहिम केवल पहचान तक सीमित नहीं रही, बल्कि गांव चांदपुरा के 9 और गांव खासा पठाना के 5 पूर्व चिन्हित ड्रग पीड़ितों को भी उपचार और सहयोग प्रदान किया गया। इन सभी को स्वास्थ्य सेवा के तहत आवश्यक परामर्श और वैकल्पिक चिकित्सा विधियों के माध्यम से उपचार जारी रखने की सुविधा दी गई।



## हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने चलाया राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान

**फतेहाबाद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्र के लिए मध्यस्थता विषय पर आधारित 90 दिवसीय राष्ट्रीय अभियान शुरू किया हुआ है, जो 30 सितंबर तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि वे अपने विवादों को कोर्ट की लंबी प्रक्रिया में ले जाने की बजाय मध्यस्थता के जरिए शांतिपूर्ण और समझौता आधारित समाधान की ओर बढ़ें। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने बताया कि अभियान के तहत नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है कि मध्यस्थता एक आसान, किफायती और भरोसेमंद तरीका है, जिससे समय और धन की बचत के साथ-साथ रिश्तों में सुधार भी होता है। यह प्रणाली खास तौर पर ग्रामीण भारत के लिए भी लाभकारी मानी जा रही है, जहां छोटे-छोटे मामलों में भी लोग वर्षों तक न्याय की प्रतीक्षा करते हैं। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता के योग्य मामलों में वैवाहिक विवाद, सडक़ दुर्घटनाओं के मामले, घरेलू हिंसा (गैर-आपराधिक), चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद, भूमि अधिग्रहण, ऋण वसूली, बंटवारे और संपत्ति से जुड़े विवाद, सेवा और व्यवसायिक मामले शामिल हैं। इसके अलावा समझौता योग्य आपराधिक मामले भी मध्यस्थता के जरिए सुलझाए जा सकते हैं। इस अभियान का लाभ उन सभी व्यक्तियों को मिल सकता है जिनका कोई मामला किसी अदालत में लंबित है और जो परिवार, व्यक्तिगत संबंध या व्यवसाय से जुड़े विवादों में शामिल हैं। अदालतें इन पक्षों को मध्यस्थता के लिए भेजकर विवादों का समाधान शीघ्र कराने में सहयोग कर रही हैं।



# आज स्कूल में काली पट्टी बांधकर पहुंचेंगे शिक्षक, करेंगे प्रदर्शन

- पेंशन बहाली की मांग और एसटीएफआई के स्थापना दिवस पर ब्लड डोनेशन कैम्प जाट धर्मशाला में 2 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुरानी पेंशन बहाली की मांग और स्कूल टीचर्ज फेडरेशन ऑफ इंडिया के 25वें स्थापना दिवस पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ द्वारा 2 अगस्त को जाट धर्मशाला फतेहाबाद में रक्तदान शिविर एवं विार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस कैम्प में जिलेभर से अध्यापक व अन्य सामाजिक कार्यकर्ता ब्लड डोनेशन करेंगे। यह जानकारी देते हुए हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मित्ताथल व राज्य ऑडिटर सुरजीत दुसाद ने बताया कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्ज फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर पूरे प्रदेश में सरकार की वायदाखिलाफी और हठधर्मिता के विरोध में 21 से 30 जुलाई तक सभी ब्लॉकों में धरने प्रदर्शन किए गए लेकिन सरकार शिक्षकों की मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है। स्कूलों को मर्ज करने, एसएमसी को विलय करने तथा जेबीटी अध्यापकों की ट्रांसफर न करने तथा रूल 2012 को रद्द न करते हुए प्रदेश के हजारों अध्यापकों को एसीपी से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार इन समस्याओं का समाधान नहीं करती हो तो हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ 7 अगस्त को शिक्षा मंत्री के कैंप कार्यालय पानीपत में प्रदर्शन करेगा। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के ब्लॉक प्रधान हरपाल हुड्डा व सचिव मुरारी लाल ने बताया कि केंद्र सरकार कर्मचारियों पर एनपीएस की छुरी व यूपीएस की कटार को जबरदस्ती कर्मचारियों पर चला रही है। कर्मचारियों की मांग है कि पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जाए लेकिन सरकार कर्मचारियों को गुमराह कर रही है। पेंशन बहाली को लेकर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ एक अगस्त को पुरानी पेंशन के लिए स्कूल समय में काली पट्टी बांधकर विरोध करेगा वहीं दोपहर 3 बजे फतेहाबाद प्रदर्शन में भी भाग लेगा। इसके अलावा 2 अगस्त को जाट धर्मशाला फतेहाबाद में एसटीएफआई के स्थापना दिवस पर ब्लड डोनेशन कैंप तथा विचार गोष्ठी का आयोजन करेगा।

**रात्रि ठहराव** गांव अली मोहम्मद में रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान लोगों की सुनीं समस्याएं

# आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता: अतिरिक्त उपायुक्त

- 25 से ज्यादा शिकायतें हुई प्राप्त, समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिले के गांव अली मोहम्मद में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर समाधान के निर्देश दिए गए। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में 25 से ज्यादा शिकायतें आईं। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी और उनकी समस्याओं के मौके पर समाधान का प्रयास किया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त व अन्य गणमान्य ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं, अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने स्कूल में स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।



**सिरसा।** रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते एडीसी।

रात्रि ठहराव के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन द्वारा रात्रि ठहराव और समाधान शिविर जैसे आयोजन से आमजन की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की शिकायत हो, आमजन एक ही स्थान पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं, उनकी शिकायत का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक किसी भी प्रकार की समस्या हो, वे प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं।

**ये रहे मौजूद:** इस दौरान आयुष विभाग, बिजली निगम, परिवार पहचान पत्र, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, श्रम विभाग, खंड विकास एवं पंचायत सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर सरपंच गुगन राम, आत्मा राम, डीएफएससी मुकेश कुमार, एक्सईन पंचायती राज गौरव भारद्वाज, तहसीलदार शुभम शर्मा आदि अधिकारी उपस्थित थे।

# एचटेट परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, जिले में 7769 परीक्षार्थियों ने दी लेवल-2 व 1 की परीक्षा, 966 रहे अनुपस्थित

## थाना प्रभारी ने अपनी निजी गाड़ी से महिला परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला में 21 परीक्षा केंद्रों पर वीरवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी की ओर से हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) की लेवल-2 व लेवल-1 की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। आज कुल 8735 परीक्षार्थियों में से 7769 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 966 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। एचटेट की सुबहकालीन सत्र में लेवल-2 (टीजीटी) की परीक्षा में 6408 परीक्षार्थियों में से 5755 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 653 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार से सायंकालीन सत्र में लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा में 2327 परीक्षार्थियों में से 2014 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 313 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसके अलावा बुधवार को सायंकालीन सत्र में आयोजित लेवल-3 (पीजीटी) परीक्षा में कुल 3778 अभ्यर्थियों में से 3385 उपस्थित रहे, जबकि 393 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए थे। वीरवार को दूसरे दिन भी बारिश के कारण परीक्षार्थियों को अपने सैंटरों तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई परीक्षा केन्द्रों के बाहर काफी जलभराव था। हालांकि पुलिस कर्मचारी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने में मदद करते नजर आए।

### परीक्षा शुरू होने में 10 मिनट शेष थे, पुलिस ने छात्रा को समय पर पहुंचाया सेंटर

पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता और कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए एक परीक्षार्थी छात्रा को समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचाकर सराहनीय कार्य किया। जानकारी के अनुसार दलजीत कौर नामक छात्रा एचटेट परीक्षा देने के लिए फतेहाबाद बस स्टैंड पर पहुंची, लेकिन किसी कारणवश देरी हो गई। परीक्षा शुरू होने में मात्र 10 मिनट शेष थे और छात्रा समय पर स्कूल पहुंच पाने की उम्मीद लगभग छोड़ चुकी थी। वह निराश होकर वापसी की तैयारी में थी और अत्यंत परेशान हालत में खड़ी थी। उसी समय ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों ने स्थिति को भांपते हुए सेना लिपिक सहायक उपनिरीक्षक संदीप कुमार को सूचना दी, जो उस समय बस अड्डे पर ही मौजूद थे। संदीप कुमार ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए छात्रा से बातचीत की और उसकी परेशानी को समझा। तत्परता दिखाते हुए उन्होंने छात्रा को मात्र 8 मिनट में सेंट जोसेफ स्कूल, बीघड़ रोड, फतेहाबाद पहुँचाया, जहाँ वह समय रहते परीक्षा में सम्मिलित हो सकी। इसी तरह जिला पुलिस के सुरक्षा प्रभारी उपनिरीक्षक सत्यवान एवं सेना लिपिक सहायक उपनिरीक्षक संदीप कुमार एचटेट परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस ड्यूटी का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के पास पैदल जा रहे परीक्षार्थी रोहित शर्मा को देखकर उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी में बैठाया और बिना देर किए एमएम कॉलेज परीक्षा केंद्र पर समय पर पहुंचाया। ऐसे ही तेज बारिश के चलते बस अड्डा फतेहाबाद पर खड़ी एक छात्रा देव पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद स्थित अपने परीक्षा केंद्र तक समय पर नहीं पहुंच पा रही थी। जब यह जानकारी फतेहाबाद पुलिस को मिली, तो पुलिस ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए अपनी टीम भेजी और छात्रों को केंद्र तक पहुंचाया।





फतेहाबाद। परीक्षार्थियों के दस्तावेजों की जांच करते ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी व परीक्षा केंद्रों पर अपना रोल नंबर देखते परीक्षार्थी। फोटो :हरिभूमि

### पैर में फ्रैक्चर से जूझ रही महिला परीक्षार्थी को पुलिसकर्मियों ने पहुंचाया परीक्षा कक्ष तक

पैर में फ्रैक्चर से जूझ रही महिला परीक्षार्थी को महिला पुलिसकर्मियों ने मदद करते हुए उसे परीक्षा कक्ष तक पहुंचाया। मामला स्कॉलर कॉन्वेंट स्कूल, भूना रोड, फतेहाबाद स्थित एक परीक्षा केंद्र का है, जहाँ कौशल्या नामक महिला परीक्षार्थी अपने पैर में फ्रैक्चर के कारण चलने में असमर्थ थीं। परीक्षा केंद्र तक पहुंचना तो दूर, परीक्षा कक्ष तक पहुंचना भी उनके लिए अत्यंत कठिन था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों सिपाही प्रीता और अमन ने तुरंत मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। उन्होंने कौशल्या को न केवल सहारा देकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया, बल्कि अत्यंत सावधानीपूर्वक उन्हें परीक्षा कक्ष तक भी पहुंचाया, ताकि वे समय पर परीक्षा दे सकें। महिला पुलिसकर्मियों की इस पहल ने सिद्ध कर दिया कि पुलिस बल केवल सुरक्षा प्रदान करने वाला नहीं, बल्कि जरूरत के समय संवेदनशील साथी भी होता है।

### थाना शहर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र ने पेश की मिसाल

थाना शहर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने एचटेट परीक्षा के दौरान एक सराहनीय मिसाल पेश की। सुबह से हो रही भारी बरसात के चलते बीघड़ रोड पर जलभराव की स्थिति बन गई थी, जिससे मार्ग पर कोई वाहन नहीं चल पा रहा था। इसी बीच चार महिला परीक्षार्थी बारिश के बीच सडक़ पर फंसी हुई थीं और बेहद परेशान थीं। उसी समय थाना शहर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा अपने स्टाफ के साथ उस मार्ग से गुजर रहे थे। उन्होंने परीक्षार्थियों की स्थिति को समझते हुए स्वयं उनसे बातचीत की और बिना विलंब किए अपनी निजी गाड़ी से सभी महिला परीक्षार्थियों को पायनियर स्कूल परीक्षा केंद्र पर सुरक्षित व समय पर पहुंचाया। निरीक्षक सुरेंद्रा ने इस कार्य के माध्यम से यह संदेश दिया कि पुलिस प्रशासन केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता की मदद और उनका विश्वास अर्जित करना भी उसकी प्राथमिकता है।

### बरसात में पुलिस ने की विशेष बस सेवा की व्यवस्था

फतेहाबाद पुलिस विभाग ने आज एचटेट परीक्षा के दूसरे दिन परीक्षार्थियों के लिए विशेष प्रयास किए। बरसात के मौसम में परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए फतेहाबाद पुलिस ने बस स्टैंड से स्पेशल बस सेवा का प्रबंध किया। इस विशेष बस सेवा के तहत, सैकड़ों परीक्षार्थियों को बस स्टैंड से परीक्षा केंद्र तक सुरक्षित और समय पर पहुंचाया गया। इस पहल से यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी परीक्षार्थी समय पर परीक्षा में सम्मिलित हो सके और किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस सेवा को देखकर सभी परीक्षार्थियो ने पुलिस का दिल से आभार ब्यक्त किया।

### जिला प्रशासन रहा अलर्ट

एचटेट परीक्षा के दूसरे दिन भी बारिश में ड्यूटी पर अलर्ट दिखी फतेहाबाद पुलिस फतेहाबाद पुलिस वीरवार को एचटेट परीक्षा के दूसरे दिन भी सुरक्षा और व्यवस्थाओं के मोर्चे पर अलर्ट रही। जिले भर में आयोजित परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए फतेहाबाद पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के सख्त प्रबंध किए गए थे। प्रत्येक केंद्र पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई थी, ताकि कोई भी अनुचित गतिविधि न हो सके और परीक्षार्थी पूरी तरह से निश्चिंत होकर परीक्षा दे सकें। साथ ही, यातायात व्यवस्था को भी प्रभावी ढंग से संभाला गया। मुख्य मार्गों, बस स्टैंड और परीक्षा केंद्रों की ओर जाने वाले रास्तों पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया ताकि यातायात बाधित न हो और परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कोई असुविधा न हो। बारिश के बावजूद पुलिस कर्मी पूरी तत्परता से ड्यूटी पर डटे रहे। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि आमजन का विश्वास और परीक्षार्थियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, और पुलिस हर समय इसके लिए तैयार है।

### दूसरे दिन भी एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का दौरा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

एचटेट परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित आयोजन के उद्देश्य से फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस ने दूसरे दिन भी जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा प्रबंधों की गहन समीक्षा की। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक ने डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद सहित कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और सुरक्षा, यातायात एवं भीड़ नियंत्रण से जुड़ी तैयारियों का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य द्वार, प्रवेश व निकासी मार्ग, परीक्षा कक्षों के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, सीसीटीवी निगरानी, ट्रैफिक प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। जैन ने कहा कि परीक्षार्थियों की सुरक्षा, सुविधा एवं समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंच उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों व तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि वे केंद्र व्यवस्थापकों और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्वक संपन्न हो सके।



फतेहाबाद। परीक्षा केंद्रों पर एचटेट की परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक करते ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि




फतेहाबाद। बस स्टैण्ड पर परीक्षार्थियों के लिए खड़ी पुलिस बस।



बारिश के बावजूद डयूटी पर अलर्ट पुलिस कर्मचारी।



फतेहाबाद। परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते एसपी सिद्धांत जैन।

## खबर संक्षेप

### गोसेवा के लिए आमजन बढ़ चढ़कर करें सहयोग : राजेंद्रानंद

सिरसा। श्रीकृष्ण गौशाला शेरपुरा व साहुवाला द्वितीय में आयोजित श्रीमद्गौभागवत कथा ज्ञान यज्ञ में बृहस्पतिवार को जयदेव-सहदेव चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष ललित जैन ने शिरकत की और कथावाचक स्वामी राजेंद्रानंद महाराज से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर स्वामी राजेंद्रानंद महाराज ने कहा कि गौसेवा के लिए सभी को आगे आना चाहिए। भगवान ने जिसको जितना सामर्थ्य दिया है, उसी अनुसार गौसेवा के लिए सहयोग करें, ताकि बेसहारा गौवंश को सहारा मिल सके और उनका बेहतर तरीके से पालन-पोषण हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी नशे की ओर अग्रसर हो रही है, जिसे रोकना हम सभी का दायित्व है।

### मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं आज भी प्रासंगिक : रमेश

सिरसा। लायंस कल्ब सिरसा अमर के सस्थापक अध्यक्ष रमेश साहुवाला ने वीरवार को मुंशी प्रेमचंद के जन्मोत्सव पर कापियां व वर्दी वितरित करते हुए कहा कि मुंशी प्रेमचंद ने कहानी और उपन्यास में एक नई परंपरा की शुरूआत की जिसने आने वाली पीढियों के साहित्यकारों का मार्गदर्शन किया। मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं हिंदी साहित्य की धरोहर हैं। उन्होंने कहा मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं आज भी प्रांसगिक हैं। साहुवाला ने कहा मुंशी प्रेमचंद ने समाज और अंगेजी शासन के बारे में तथा जनता के शोषण, दुख-दर्द तथा उत्पीडऩ के बारे में लिखा जिसे अंग्रेजी शासन ने स्वीकार नहीं किया।

### शहीद उधम सिंह जयंती पर लगा रक्तदान शिविर

टोहाना। शहीद उद्यम सिंह जयंती पर अनुभवी स्वास्थ्य मित्र संगठन द्वारा भाटिया धर्मशाला में 11वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नागरिक अस्पताल एसएमओ डॉ कुणाल वर्मा, जाखल एसएमओ डॉ. राजेश क्रांति, डॉ शिव सचदेवा, डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ. शशिकांत भारद्वाज, डॉ. स्वाति गुप्ता ने शिरकत की। इस दौरान सबसे पहले भारत माता की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कैम्प का शुभारंभ शहीद उधम सिंह को नमन करके किया गया। अंत में कैंप में रक्तदान करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



भट्टूकलां। किसान सभा के तहसील सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

### किसानों की दुर्दशा के लिए केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार की नीतियां जिम्मेदार : बलबीर सिंह

भट्टूकलां। अखिल भारतीय किसान सभा भट्टू तहसील का 5वां त्रिवार्षिक सम्मेलन वीरवार को अग्रवाल धर्मशाला, भट्टू में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संगठन का झंडा फहरा कर सूरजमल ढाबी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हनुमान सिंह, सुभाष भादू, राजेंद्र सिंद्धू व अजय सिंह माचरा ने संयुक्त तौर पर की जबकि संचालन किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त ने किया। सम्मेलन में प्रमुख तौर पर राज्य अध्यक्ष मास्टर बलबीर सिंह, जिला सचिव राजेंद्र बाटू व उपप्रधान का. जगतार ने संबोधित किया। कार्यक्रम में शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर उन्हें नमन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए किसान सभा के राज्य अध्यक्ष बलबीर सिंह ने कहा कि किसानों की दुर्दशा की जिम्मेदार केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार की नीतियां हैं। किसान रात-दिन मेहनत करके देश के अन्न के भंडार भरने में कोई कसर नहीं छोड़ी, परंतु वही किसान आज पांव से लेकर सिर तक कर्ज में डूबकर आत्महत्याएं करने के लिए मजबूर है। आज किसान को कर्जमुक्त करवाना, कोपरेटिव सोसाईटीज के माध्यम से समय पर अच्छी खाद, बीज, स्प्रे का प्रबंध करवाना, फसलों का लाभकारी दाम सी 2 फार्मूला के तहत देना, सभी फसलों के खरीद की गारंटी, सस्ती बिजली, प्रीपेड मीटर नीति रद्द करवाना, आपसी भाईचारा मजबूत करना, नफरती राजनीति के खिलाफ संघर्ष प्रमुख मुद्दे हैं। जिला उपप्रधान जगतार सिंह व सचिव राजेंद्र बाटू ने कहा कि अखिल भारतीय किसान सभा के संचालन व कमेटियों का तरीका जनवादी है। इसका अपना संविधान है, जिसके तहत संगठन की सदस्यता हर वर्ष की जाती है, खेती से जुड़े तमाम लोग किसान सभा के सदस्य बन सकते हैं। संगठन की ग्राम इकाई का सम्मेलन हर वर्ष सदस्यता नवीनीकरण उपरांत किया जाता है। चुनाव स्वयं सदस्य करते हैं। इससे ऊपर की कमेटियों का चुनाव तीन साल बाद किया जाता है जो पूरी तरह से जनवादी तरीके से किया जाता है। संगठन के त्रिवर्षिक सम्मेलनों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अर्पित और सुखकीरत ने जीता गोल्ड मेडल



फतेहाबाद। हिसार में आयोजित बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में फतेहाबाद के द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के बॉक्सरों ने अपने मुक्के का दम दिखाते हुए गोल्ड व सिल्वर मैडलों पर कब्जा जमाया। कोच प्रदीप कुमार ने बताया कि 67 किलो भार वर्ग में बॉक्सर अर्पित ने अपने प्रतिद्वंदी को हराकर गोल्ड मेडल जीता वहीं अर्पित को बेस्ट बॉक्सर का अवॉर्ड भी मिला। इसके अलावा सुखकीरत ने 61 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर अपना दबदबा जमाया। रोहन ने 37 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर अपने माता पिता फतेहाबाद क्षेत्र व द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब का नाम रोशन किया। तीनों खिलाडिय़ों की शानदार उपलब्धि पर अर्जुन अवॉर्डी कोच जय भगवान, इंटरनेशनल कोच डॉ. राजीव, कोच प्रदीप कुमार व अन्य ने सराहा।

## ऑटो मार्केट में नशे से दूर रहने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो फतेहाबाद यूनिट द्वारा शहर की ऑटो मार्केट में नशा विरोधी अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान बाजार में मौजूद व्यापारियों, दुकानदारों, मिस्त्रियों और आम लोगों ने 'नशा नहीं, जीवन हां' का संकल्प लिया और नशा मुक्त समाज की दिशा में सक्रिय सहयोग देने का वादा किया।

कार्यक्रम का संचालन उप निरीक्षक कपिल देव द्वारा किया गया, जबकि यूनिट इंचार्ज निरीक्षक राकेश कुमार ने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। कपिल देव ने बताया कि पूरे प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के साथ-साथ जागरूकता अभियानों को संचालित किया जा रहा है। इन अभियानों का प्रमुख उद्देश्य युवाओं को नशे के चंगुल से दूर रखना और एक सकारात्मक, स्वस्थ और नशा मुक्त समाज की स्थापना में सहयोग करना है। उन्होंने कहा कि नशा कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक सामाजिक बुराई है। इसे शिक्षा, जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से ही जड़ से समाप्त किया जा सकता है। लोगों को बताया गया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को बर्बाद कर देता है।




फतेहाबाद। ऑटो मार्किट में नशा न करने का संकल्प लेते दुकानदार।

## बीजेपी का व्यापारी सम्मेलन में एक देश, एक चुनाव का समर्थन

# देश में 60 से अधिक बीमा कम्पनियां व्यापारियों के हित में काम कर रही, अनेक योजनाएं लागू : सिंघी

### सिंघी ने भूना रोड स्थित कार्यालय में व्यापारियों को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी ने कहा कि आज देश में 60 से अधिक इंश्योरेंस कम्पनियां व्यापारियों के हित में काम कर रही हैं। व्यापारियों के हित को लेकर भाजपा सरकार द्वारा अनेक योजनाओं को लागू किया गया है जिससे व्यापारी वर्ग में खुशी का माहौल है।

चेयरमैन सुनील सिंघी वीरवार को भाजपा द्वारा भूना रोड स्थित पार्टी कार्यालय में व्यापारी सम्मेलन एवं एक देश-एक चुनाव को लेकर शपथ सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अजय गुप्ता व राष्ट्रीय चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल रहे। अध्यक्षता बीजेपी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने की। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन सुमन खिचड़, नगरपरिषद उपप्रधान सविता टुटेजा, राधाकृष्ण नारंग, भारत भूषण गर्ग, सुरेश मिड्ढा, डॉ. मेहन्द्र मैहता, डॉ. दीपक टांटिया, नरेश तनेजा टीटू, इन्द्र गावड़ी व संजय रेवड़ी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनील सिंघी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का व्यापारी वर्ग प्रगतिशील बन रहा है। बीजेपी सरकार में छोटे व बड़े व्यापारी खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम करता है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प से सिद्धि के नारे के साथ देश के व्यापारियों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की है। व्यापारियों के लिए हर नीति व योजना का सरलीकरण किया गया। व्यापारियों की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाए गए। 12 लाख रुपये की इनकम तक व्यापारियों को टैक्स मुक्त किया गया। स्टार्टअप और स्किल डवलेपमेंट के लिए 5 से 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। मुद्रा लोन की लिमिट 10 से बढ़ाकर 20 लाख रुपये तक की गई। आज देश में 60 से अधिक इंश्योरेंस कम्पनियां व्यापारियों के हित में काम कर रही हैं। सम्मेलन में अजय गुप्ता व बालकिशन अग्रवाल ने भारत सरकार ने व्यापारियों व युवाओं के लिए ऐसी ऐसी योजनाएं लागू की हैं कि अगर हमें सही जानकारी और मार्गदर्शन मिले तो युवा नौकरियों के पीछे ना भागकर स्किल डवलेपमेंट और मनेजमेंट को समझकर खुद को बिजनेस में स्वरोजगार बना सकता है, इसलिए अपने युवा बच्चों को मेक इन इण्डिया व लोकल फॉर वॉकल के लिए प्रेरित करें। आज अर्थव्यवस्था के मामले में हमारा देश आगे बढ़ रहा है। 2026 देश तीसरी बड़ी अर्थवस्था बन जाएगा।






फतेहाबाद। सम्मेलन को संबोधित करते राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी व उपस्थित कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि